# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL, PATIALA
## FIRST TERM EXAMINATION (23 September 2025)
## Class - IX
## Hindi SET - A

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

**प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों में से पहले तीन प्रश्नों के उत्तर बहुविकल्पीय में से तथा 4-5 प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पंक्तियों में दीजिए:(1+1+1+2+2=7)**

समाज-कल्याण क्या है, इसकी पूर्ण तथा सांगोपांग परिभाषा देते समय मतभेद हो सकता है, किंतु जहाँ तक इसके सार-तत्त्व को समझने की बात है, लोगों में एक प्रकार से सामान्य सहमति मालूम पड़ती है। इसका तात्पर्य एक व्यक्तिगत सेवा से है, जो विशेष प्रकार की न होकर सामान्य प्रकार की होती है। इसका उद्देश्य किसी ऐसे व्यक्ति की सहायता करना है, जो असमर्थता की भावना से दु:खी होने पर भी अपने जीवन का सर्वोत्तम सदुपयोग करना चाहता है अथवा उन कठिनाइयों पर विजयी होना चाहता है, जो उसे पराजित कर चुकी हैं अथवा पराजय की आशंकाएँ उत्पन्न करती हैं।

समाज-कल्याण की भावना दुर्बल की सहायता करती है तथा अपरिवर्तनीय स्थितियों के साथ संबंध सुधारने या सामंजस्य स्थापित करने का प्रयत्न करती है।

इसके सर्वोच्च आदर्शों का सही-सही निरूपण स्वास्थ्य-मंत्रालय के एक परिपत्र द्वारा निर्दिष्ट वाक्य में किया गया है, जिसका संबंध विकलांगों के कल्याण से है। इसके अनुसार, कल्याणकारी सेवाओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि "सभी विकलांग व्यक्तियों को चाहे उनकी अक्षमता कुछ भी हो, सामुदायिक जीवन में हाथ बँटाने तथा उसके विकास में योगदान देने के लिए अधिक-से-अधिक अवसर दिए जाएँगे, ताकि उनकी क्षमताओं का पूर्ण क्रियान्वयन हो सके, उनका आत्मविश्वास जाग सके तथा उनके सामाजिक संपर्क मजबूत बन सकें।"

प्रश्न

I. गद्यांश के आधार पर बताइए कि समाज-कल्याण की भावना किसकी सहायता करती है?

(क) दुर्बल व्यक्ति की

(ख) सक्षम व्यक्ति की

(ग) आदर्श व्यक्ति की

(घ) इनमें से कोई नहीं

A-1

Scanned with OKEN Scanner

II. "उनका आत्मविश्वास जाग सके तथा उनके सामाजिक संपर्क मजबूत बन सकें". वाक्य में 'उनका' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(क) केवल दृष्टिहीन व्यक्ति के लिए

(ख) केवल दुर्बल व्यक्ति के लिए

(ग) सभी विकलांग व्यक्तियों के लिए

(घ) उपर्युक्त सभी

III. **कथन** (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।

**कथन** (A) कल्याणकारी सेवाएँ दुर्बलों की सहायता करती हैं।

**कारण** (R) कल्याणकारी सेवाएँ दुर्बल व कमज़ोर व्यक्तियों मे आत्मविश्वास जगाती हैं।

(क) कथन (A) सही है और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ग) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

IV. समाज-कल्याण का क्या उद्देश्य है?

V. गद्यांश के आधार पर 'समाज-कल्याण' का क्या तात्पर्य है?

**प्र2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों में से पहले तीन प्रश्नों के उत्तर बहुविकल्पीय में से तथा 4-5 प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पंक्तियों में दीजिए:**(1+1+1+2+2=7)

जो लोग अपनी असफलताओं के लिए या जीवन में गतिरोध के लिए हालातों को जिम्मेदार ठहराते हैं, वे लोग या तो गलत हैं या हालात से डरते हैं। वे या तो जीवन को समझ नहीं पाए या उलझनों में फँसे हुए हैं। वे या तो आलसी हैं या अकर्मण्य हैं। एक कारण और भी हो सकता है कि उनकी नीयत और नीति में मेल न हो। यह अति आवश्यक है कि नीयत और नीति दोनों एक सूत्र में पिरोई हुई हों अर्थात् मेल खाती हों। ऐसा कदापि संभव नहीं है और नीयत मानसिक इच्छा है, जो खोटी भी हो सकती है और खरी भी। खोटी नीयत वाला व्यक्ति कदापि इस संसार में नहीं टिक सकता और यदि टिकेगा, तो बहुत कम समय के लिए, केवल तब तक, जब तक उसकी नीयत खुलकर सामने नहीं आती, क्योंकि नीति की जननी नीयत है और जब जननी में ही दोष है, तो संतान में कोई-न-कोई विकृति अवश्य आ जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner

हालातों को असफलता के लिए जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं लगता, क्योंकि हालात तो उनके साथ भी वही होते हैं, जो सफलता प्राप्त करते हैं। यदि कोई व्यक्ति अपनी असफलताओं की जिम्मेदारी खुद नहीं ले सकता, तो वह अपनी सफलता की जिम्मेदारी लेने के काबिल भी नहीं है। जीवन का असली आनंद तो तभी है, जब परिस्थितियाँ विषम हों।

**प्रश्न**

I. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।

**कथन** (A) हालातों को असफलता के लिए जिंम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए।

**कारण** (R) गलत नीयत व नीति के कारण खोटी नीयत वाला व्यक्ति इस संसार में नहीं टिक पाता। **दक्षता आधारित प्रश्न**

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही सही हैं।

II. लेखक ने नीति की जननी किसे कहा है?

(क) व्यवहार को (ख) नीयत को

(ग) समय को (घ) सोच को

III. "असफलता के लिए .......... जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं है।" कथन के अनुसार सही विकल्प का चयन कीजिए

(क) प्रकृति को

(ख) हालातों को

(ग) काबिल व्यक्ति को

(घ) उपरोक्त सभी

IV. हालात को जिम्मेदार ठहराने वाले लोग कैसे होते हैं?

V. जीवन का असली आनंद तो तभी है, जब परिस्थितियाँ विषम हों। इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

Scanned with OKEN Scanner

प्र3. 'शब्द और पद' पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2)
क) स्वतंत्र सार्थक वर्ण समूह क्या कहलाता है? उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें।
ख) काले घोड़े पर बैठा हुआ सैनिक साहसी है। इस वाक्य में 'सैनिक' शब्द है या पद?
ग) 1) शब्द भाषा की ............ इकाई है। (रिक्त स्थान भरें)
2) पद स्वतंत्र न रहकर वाक्य में व्याकरणिक नियमों में बँधे होते हैं। (सही/गलत)

**प्र4. 'अनुस्वार-अनुनासिक' पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2)**
क) अनुनासिक की दृष्टि से कौन-सा शब्द सही नहीं है
बाँसुरी, घँटा, कमियाँ, आँचल
ख) सही स्थान पर अनुस्वार तथा अनुनासिक का प्रयोग कीजिए:
सपादक, उगलिया, प्रबधन, झाकता
ग) अनुस्वार स्वर है या व्यंजन ?

**प्र5. 'उपसर्ग-प्रत्यय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4)**
क) 'संवाद' शब्द में मूल शब्द और उपसर्ग अलग करें।
ख) 'दुर्' उपसर्ग लगाकर दो नए शब्द बनाइए।
ग) 'प्रकाशित' शब्द में प्रत्यय और मूल शब्द अलग करें।
घ) 'ईन' प्रत्यय लगाकर दो नए शब्द बनाइए।
ङ) किस शब्द में 'अप' उपसर्ग नहीं लगा है ?
अपमान, अपव्यय, अपनापन, अपवाद

**प्र6. 'संधि' पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3)**
क) संधि करें - ग्रीष्म + ऋतु, धौ + अक
ख) संधि विच्छेद करें - इत्यादि
ग) जब अ, इ, उ, ऋ समान स्वरों में मिलकर दीर्घ रूप हो जाते है तब कौन-सी संधि होती है?
घ) 'भारतेंदु' का संधि विच्छेद कीजिए।

**प्र7. 'विराम चिह्न' पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2)**
क) निर्देशक चिह्न का कोई एक उदाहरण दें।
ख) आज भारत में बेरोजगारी है; भूख है; क्षेत्रवाद का जोर है। (वाक्य में किन दो विराम चिह्नों का प्रयोग हुआ है, नाम लिखो)
ग) उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य को पुनः लिखिए -
परिश्रम और लगन ईमानदारी और खुद्दारी प्यार और मुहब्बत ये सभी गुण मनुष्य को बहुत ऊपर उठा देते है

Scanned with OKEN Scanner

प्र8. 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद' पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3)

क) ओह! कैसे बादल उमड़ रहे हैं।

ख) विभूति विद्यालय जाएगी।

ग) राजेश गिरा तो उसे चोट लग गई।

घ) जिन वाक्यों में कार्य के न होने का भाव निहित हो उन्हें .......... कहते हैं।

**प्र9. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-** (5)

जब अप्रैल में मैं बेस कैंप में थी, तेनजिंग अपनी सबसे छोटी सुपुत्री डेकी के साथ हमारे पास आए थे। उन्हों ने इस बात पर विशेष महत्त्व दिया था कि दल के प्रत्येक सदस्य और प्रत्येक शेरपा कुली से बातचीत की जाए। जब मेरी बारी आई, मैंने अपना परिचय यह कहकर दिया कि मैं बिल्कुल ही नौसिखिया हूँ और एवरेस्ट मेरा पहला अभियान है। तेनजिंग हँसे और मुझसे कहा कि एवरेस्ट उनके लिए भी पहला अभियान है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि शिखर पर पहुँचने से पहले उन्हें सात बार एवरेस्ट पर जाना पड़ा था। फिर अपना हाथ मेरे कंधे पर रखते हुए उन्होंने कहा, "तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो। तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए।"

1) पाठ के आधार पर बताइए कि तेनजिंग .......... था।
   क) लेखिका का सहयोगी
   ख) एवरेस्ट पर चढ़ने वाला पहला व्यक्ति
   ग) पर्वतों की जानकारी रखने वाला सैलानी
   घ) लेखिका का ट्रेनर

2) तेनजिंग ने किस बात पर विशेष महत्त्व दिया?
   क) कैंप के संचालन करने पर
   ख) प्रत्येक सदस्य से बातचीत करने पर
   ग) प्रत्येक सदस्य की परीक्षा लेने पर
   घ) सदस्यों का सामान स्वयं उठाने पर

3) कथन (A) लेखिका ने स्वयं को नैसिखिया बताया।
   कारण (R) एवरेस्ट पर चढ़ना उसका पहला पर्वतीय अभियान था।
   क) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
   ख) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
   ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
   घ) कथन (A) सही नहीं है, लेकिन कारण (R) सही है।

4) गद्यांश के अनुसार बचेंद्री पाल (लेखिका) का यह कौन-सा अभियान है?
   1) दूसरा 2) चौथा 3) पहला 4) तीसरा
   कूट: क) केवल 1 सही है। ख) केवल 2 सही है।
   ग) केवल 3 सही है। घ) केवल 4 सही है।

5) लेखिका के लिए तेनजिंग ने कौन-से शब्द कहे थे?
   क) तुम पर्वतीय लड़की नहीं हो
   ख) तुम पर्वत शिखर पर नहीं पहुँच पाओगी
   ग) तुम्हें पहले प्रयास में ही शिखर पर पहुँच जाना चाहिए
   घ) तुम दल के पीछे-पीछे ही चलना

Scanned with OKEN Scanner

प्र10. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें: (2×3=6)

क) जब लेखक बुढ़िया के पास बैठकर उसे सांत्वना न दे सका तो उसकी क्या हालत हुई और क्यों?

ख) 'अतिथि देवो भव:' उक्ति की व्याख्या पर आधुनिक युग के संदर्भ में इसका आकलन प्रस्तुत कीजिए?

ग) हिमपात के अधिक होने से कौन-सी प्राकृतिक आपदा निर्मित हो जाती है? इस आपदा का सबसे अधिक शिकार कौन लोग होते हैं?

घ) अतिथि और आतिथेय के बीच के संबंधों की बोरियत किस प्रकार स्पष्ट हो जाती है?

**प्र11. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-** **(5)**

गाकर गीत विरह के तटिनी
वेगवती बहती जाती है,
दिल हलका कर लेने को
उपलों से कुछ कहती जाती है।
तट पर एक गुलाब सोचता,
"देते स्वर यदि मुझे विधाता,
अपने पतझर के सपनों का
मैं भी जग को गीत सुनाता।"
गा-गाकर बह रही निर्झरी,
पाटल मूक खड़ा तट पर है।
गीत, अगीत, कौन सुंदर है?

1) प्रस्तुत काव्यांश में कवि द्वारा किसका वर्णन किया जा रहा है?
   1) नायिका के सौंदर्य का   2) कवि की भावनाओं का
   3) प्रकृति की सुदंरता का   4) मजदूर की विवशता का

कूट: क) केवल 1 सही है   ख) केवल 2 सही है   ग) केवल 3 सही है   घ) केवल 4 सही है

2) कवि ने प्रस्तुत काव्यांश में किस प्रकार का तुलनात्मक प्रश्न किया है?
   क) नदी और समुद्र में से कौन बड़ा है?
   ख) पहाड़ और टीले में कौन विशाल है?
   ग) नायक और नायिका में से कौन सुंदर है?
   घ) गीत और अगीत में से कौन सुंदर है?

3) नदी अपने मन की व्यथा किससे कहती है?
   क) किनारे खड़े वृक्ष में   ख) किनारे पड़े पत्थरों से
   ग) कविता रचने वाली कवि से   घ) किनारे खड़े गुलाब के फूल से

4) कथन (A) गुलाब को ईश्वर द्वारा स्वर प्रदान न किए जाने से गुलाब दुःखी है।
   कारण (R) दुःख भरे पतझड़ के दिनों में देखे गए अपने सपनों का गीत पूरे संसार को सुनाता।
   क) कथन (A) सही नहीं है लेकिन कारण (R) सही है।
   ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) सही नहीं है।
   ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।
   घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

5) पद्यांश के अनुसार, नदी के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?
   क) नदी वेगवती है
   ख) नदी वियोग के गीत गाती है।
   ग) नदी कल-कल करती हुई किनारों से टकराती आगे बढ़ती है।
   घ) नदी की दिशा निश्चित होती है।

Scanned with OKEN Scanner

**प्र12. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें:** (2×3=6)

क) 'नीचहु ऊँच करै मेरा गोबिंद काहू तो न डरै'- पंक्ति का भाव स्पष्ट करें।

ख) प्रेम रूपी धागे के विषय में रहीम जी ने क्या सलाह दी है? क्या वह सलाह उचित है?

ग) रहीम जी ने दान की महिमा किस प्रकार सिद्ध की है?

घ) मनुष्य को प्रकृति किस रूप में आंदोलित करती है? 'गीत-अगीत' कविता के आधार पर बताइए।

**प्र13. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें:** (4×2=8)

क) अस्वस्थ लेखिका का ध्यान गिल्लू किस प्रकार रखता था? इस कार्य से गिल्लू की कौन-सी विशेषता का पता चलता है?

ख) किस बात से पता चलता है कि लेखक के छोटे भाई को उससे अत्यधिक स्नेह था? 'स्मृति' पाठ के आधार पर बताएँ।

ग) 'गिल्लू' कहानी हमारे स्वभाव में जीव-प्रेम को किस प्रकार विकसित करती है? 'गिल्लू' कहानी के आधार पर लिखिए।

**प्र14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर नीचे दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए:** (5)

1. **बढ़ती सड़क दुर्घटनाएँ: जिम्मेदार कौन**

**संकेत बिंदु-** बेतहाशा भागता महानगरीय जीवन, लहूलुहान होती सड़के, कारण, जिम्मेदार कौन? सड़क हादसों पर रोक लगाने के उपाय

2. **संगीत थैरेपी (म्यूजिक थैरेपी)**

**संकेत बिंदु-** संगीत थैरेपी/म्यूजिक थैरेपी का अर्थ, इसकी आवश्यकता क्यों? इसके लाभ, कैसे होता है इलाज, निष्कर्ष

3. **विज्ञापनों की दुनिया**

**संकेत बिंदु-** विज्ञापन क्या है? कार्य, लाभ, हानियाँ, जाँच, परख के बाद विश्वास अपेक्षित

**प्र15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।** (5)

आपने योग करके और आयुर्वेदिक दवाइयाँ लेकर अपनी गिरती सेहत सही की है। आपने योग दिवस पर योग-शिविर में भाग भी लिया था। योग के लाभ तथा योग-शिविर का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखें।

**अथवा**

आपकी छोटी बहन की पढ़ाई के साथ-साथ चलने वाली अन्य गतिविधियों में कोई रूचि नहीं है, उसे इन गतिविधियों का जीवन में महत्व बताते हुए पत्र लिखिए।




Scanned with OKEN Scanner

प्र16. स्कूल जाते हुए बच्चों को देखकर काम पर जाते हुए कुछ श्रमिक बच्चों के बीच हुए संवाद को लिखिए। (5)

अथवा

बैंक में खाता खोलने के संबंध में ग्राहक एवं बैंक प्रबंधक के बीच हुए संवाद को लिखिए।

**प्र17. चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य/ घटना का कल्पनाशक्ति से चित्र वर्णन कीजिए। (5)**



Scanned with OKEN Scanner